

दैनिक प्रातः कालीन हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001



वर्ष :- 02 अंक :- 333 मुरादाबाद, 04 April 2023 (Tuesday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड


## आपको कहीं भी हिचकने-रूकने की जरूरत नहीं; एक भी भ्रष्टाचारी नहीं बचना चाहिए, CBI अधिकारियों से बोले पीएम मोदी




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केंद्रीय जांच एजेंसी (CBI) की डायमंड जुबली कार्यक्रम का उद्घाटन किया। साथ ही पीएम ने शिलांग, पुणे और नागपुर में CBI के नवनिर्मित कार्यालय परिसरों का भी उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि आज नए कार्यालयों का शुभारंभ CBI को कार्य करने में और सहायता प्रदान करेगा।केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) भारत की प्राथमिक जांच एजेंसी है, जिसे 1 अप्रैल 1963 को गृह मंत्रालय, भारत सरकार के एक संकल्प द्वारा स्थापित किया गया था।

### CBI जांच की मांग के लिए होते हैं आंदोलन- पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि CBI की जांच की मांग के लिए तो आंदोलन तक किए जाते हैं, लोग कहते हैं कि मामले को CBI को दे दें। न्याय, इंसाफ के ब्रैंड के तौर CBI का नाम सबकी जुबान पर है। जिन्होंने भी CBI में योगदान दिया वे बधाई के पात्र हैं।

### आपको कहीं भी हिचकने-रूकने की जरूरत नहीं- पीएम मोदी

CBI के डायमंड जुबली कार्यक्रम में पीएम मोदी ने कहा कि मुझे पता है कि जिन लोगों के खिलाफ आप कार्रवाई कर रहे हैं, वे बहुत शक्तिशाली हैं। वे सालों से सरकार और व्यवस्था का हिस्सा रहे हैं। कुछ राज्यों में आज भी वे सत्ता में हैं, लेकिन सीबीआई को अपने काम पर ध्यान देना है, किसी भी भ्रष्ट व्यक्ति को बख्शा नहीं जाना चाहिए। पीएम ने कहा आज देश में भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ने के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति में कोई कमी नहीं है। आपको कहीं भी हिचकने, कहीं रूकने की जरूरत नहीं है।

### लोकतंत्र और न्याय के रास्ते का सबसे बड़ा रोड़ा है भ्रष्टाचार

इस दौरान पीएम मोदी ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर भी बात की। उन्होंने कहा कि मुख्य रूप से CBI की जिम्मेदारी भ्रष्टाचार से देश को मुक्त करने की है। भ्रष्टाचार कोई सामान्य अपराध नहीं होता। भ्रष्टाचार, गरीब से उसका हक छीनता है, अनेक अपराधों को जन्म देता है। भ्रष्टाचार, लोकतंत्र और न्याय के रास्ते में सबसे बड़ा रोड़ा होता है।

### 10 साल पहले लगी थी भ्रष्टाचार करने की होड़- पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि 10 साल पहले ज्यादा से ज्यादा भ्रष्टाचार करने की होड़ लगी थी। उस दौरान बड़े-बड़े घोटाले हुए, लेकिन आरोपी डरे नहीं क्योंकि सिस्टम उनके साथ खड़ा था। 2014 के बाद हमने भ्रष्टाचार, कालेधन के खिलाफ मिशन मोड में काम किया है। भ्रष्टाचारियों ने देश का खजाना लूटने का एक और तरीका बना रखा था जो दशकों से चला आ रहा था। ये सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से लूट थी। आज जनधन, आधार, मोबाइल की ट्रिनिटी से हर लाभार्थी को उसका पूरा हक मिल रहा है।

### भाई-भतीजावाद से कम होता है राष्ट्र का सामर्थ्य- पीएम मोदी

पीएम मोदी ने कहा कि जहां भ्रष्टाचार होता है, वहां युवाओं को उचित अवसर नहीं मिलते। वहां सिर्फ एक विशेष ही फलता-फूलता है। भ्रष्टाचार प्रतिभा का सबसे बड़ा दुश्मन होता है और यहीं से भाई-भतीजावाद, परिवारवाद को बल मिलता है। उन्होंने कहा जब भाई-भतीजावाद और परिवारवाद बढ़ता है, तो समाज का, राष्ट्र का सामर्थ्य कम होता है। जब राष्ट्र का सामर्थ्य कम होता है तो विकास प्रभावित होता है।

### न्याय का ब्रांड है CBI- पीएम मोदी

पीएम मोदी ने आगे कहा कि देश की प्रीमियम इन्वेस्टिगेशन एजेंसी के रूप में 60 साल का सफर ष्टक्चढ्ढ ने पूरा किया है। ये 6 दशक निश्चित रूप से अनेक उपलब्धियों के रहे हैं। आज यहां ष्टक्चढ्ढ के मामलों से जुड़े सुप्रीम कोर्ट का संग्रह भी जारी किया गया है। ये ष्टक्चढ्ढ के बीते वर्षों के सफर को दिखाता है। पीएम ने कहा लोग आंदोलन करते हैं कि केस उनसे लेकर CBI को दे दो। यहां तक कि पंचातय स्तर पर भी कोई मामला आता है तो लोग कहते हैं कि इसे ष्टक्चढ्ढ को दे देना चाहिए। न्याय के इंसाफ के एक ब्रांड के रूप में CBI हर जुबान पर है।

## सांसद मेनका गांधी बोलीं: महिलाओं के सौंदर्य को बढ़ाता गधी के दूध से बना साबुन... 500 रुपये में बिकता है एक पीस




भाजपा सांसद मेनका गांधी ने महिलाओं को पैसा कमाने का तरीका बताया। उन्होंने कहा कि बकरी और गधी के दूध से साबुन बनाकर महिलाएं लखपति बन सकती हैं। दिल्ली में गधी के दूध से बना साबुन ?500 प्रति पीस के हिसाब से बिक रहा है। सुल्तानपुर जिले के तीन दिवसीय दौरे पर आई पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा सांसद मेनका गांधी ने शनिवार को हर्ष महिला महाविद्यालय में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आगे बढ़ने के टिप्स दिए। देहली बाजार में कहा कि गाय, बकरी पालन से कोई अमीर नहीं बन सका है। पशुपालकों की पूरी जिंदगी उसी में खप जाती है। पशुओं के मरने पर पालकों को बड़ा नुकसान उठाना पड़ता है। उन्होंने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए लखनऊ के चिकन कपड़े के कारोबार, गोबर के कंडे से लकड़ी बनाने और गधी के दूध से साबुन बनाने का टिप्स दिया। बताया कि लद्दाख में गधे कम हो रहे थे। इसे देखकर एक स्वयं सहायता समूह ने गधी के दूध से साबुन बनाना शुरू किया। इसके बाद उसकी आमदनी बढ़ गई। बताया कि दिल्ली में गधी के दूध से बना साबुन ?500 प्रति पीस के हिसाब से बिक रहा है। महिलाएं गधी और बकरी के दूध से साबुन बनाए तो वह जल्द अमीर बन सकती हैं। कार्य से लुप्त हो रहे गधे पर भी अंकुश लग सकेगा। साबुन के महत्व के बारे में भी उन्होंने लोगों को जानकारी दी। बताया कि एक विदेशी रानी गधी के दूध से बने साबुन से नहाती थीं। यह माना जाता है कि गधी के दूध से बना साबुन महिलाओं के सौंदर्य को बढ़ाता है। उन्होंने गधी और बकरी के दूध से साबुन बनाने पर महिलाओं को बिक्री के लिए बाजार उपलब्ध कराने का वादा किया।


दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com


## मुख्यमंत्री योगी के निर्देश, निराश्रित नहीं होगा एक भी गोवंश, सबके आश्रय व भरण-पोषण का होगा प्रबंध



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिया कि गोवंश पालकों और गोआश्रय स्थलों को हर माह तय समय पर डीबीटी से धनराशि दी जाए। पशुपालन, दुग्ध उत्पादन, विक्रय, नस्ल सुधार आदि की विभागीय मंत्री द्वारा साप्ताहिक समीक्षा की जाए।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक में निराश्रित गोवंश आश्रय स्थलों के प्रबंधन और प्रदेश में दुग्ध उत्पादन व संग्रह की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पशु संवर्धन, संरक्षण के लिए सेवाभाव के साथ सतत प्रयासरत है। गोवंश सहित सभी पशुपालकों के प्रोत्साहन के लिए सरकार द्वारा अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। पात्र लोगों को इसका लाभ मिलना सुनिश्चित कराया जाए। जनभावनाओं का सम्मान करते हुए राज्य सरकार द्वारा निराश्रित गोवंश का संरक्षण करते हुए उनके चारे-भूसे के लिए भी आवश्यक प्रबंध किया गया है। वर्तमान में संचालित 6719 निराश्रित गोवंश संरक्षण स्थलों में 11 लाख 33 हजार से अधिक गोवंश संरक्षित हैं। बीते 20 जनवरी से 31 मार्च तक संचालित विशेष अभियान के तहत 1.23 लाख गोवंश संरक्षित किए गए। यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रदेश के सभी ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में कोई भी गोवंश निराश्रित न हो। जिला संभल, मथुरा, मीरजापुर, शाहजहांपुर, संतकबीरनगर, अमरोहा, गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद और फर्रुखाबाद में सर्वाधिक गोवंश संरक्षित किए गए हैं। गोवंश संरक्षण के लिए जारी नियोजित प्रयासों के अच्छे परिणाम मिल रहे हैं। चरणबद्ध रूप से सभी जिलों में इसी प्रकार निराश्रित गोवंश का बेहतर प्रबंधन किया जाए। सभी प्रकार के निराश्रित गोवंश स्थलों को चारा-भूसा व अन्य आवश्यक कार्यों के लिए उपलब्ध कराई जाने वाली धनराशि सीधे गो-आश्रय स्थलों को उपलब्ध कराई जाए। डीबीटी प्रणाली उपयोग में लाएं। हर माह की 25 से 30 तारीख तक गोवंश का सत्यापन करते हुए विकास खंड स्तर पर पशुपालक अधिकारी और एडीओ पंचायत व बीडीओ द्वारा रिपोर्ट जिला प्रशासन को भेजी जाएगी। इसके बाद, अगले माह की 05 तारीख तक मुख्य पशुपालन अधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी द्वारा शासन को रिपोर्ट भेजी जाएगी। यह सुनिश्चित किया जाए कि यह धनराशि गोवंश के लिए है, उसका सदुपयोग हो। गोवंश को केवल सूखा भूसा ही नहीं, हरा चारा भी दिया जाए। स्थानीय जनता का सहयोग लें। पैसा मिलते ही चोकर/भूसा खरीद का भुगतान कर दिया जाए। गोवंश संरक्षण के लिए प्रदेश में वृहद संरक्षण केंद्र बनाए जा रहे हैं। यह सुखद है कि अब तक 274 वृहद गोवंश संरक्षण केंद्र क्रियाशील हो गए हैं। आगामी छह माह में शेष 75 वृहद गोवंश स्थल तैयार कर लिए जाएं। इससे आमजन को बड़ी सुविधा मिलेगी। गोवंश संरक्षण स्थलों पर केयर टेकर तैनात किए जाएं। गायों को समय-समय पर घुमाने भी ले जाना चहिए। गोवंश की बीमारी और मृत्यु की दशा में यह केयर टेकर सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करेगा। गोवंश संरक्षण के लिए संचालित मुख्यमंत्री सहभगिता योजना के आशातीत परिणाम मिले हैं। अब तक 01 लाख 77 हजार से अधिक गोवंश इस योजना के तहत आमजन को सुपुर्द किए गए हैं। और कुपोषित बच्चों वाले परिवार को दूध की उपलब्धता के लिए पोषण मिशन के अंतर्गत 3,598 गोवंश दिए गए हैं। गोवंश की सेवा कर रहे सभी परिवारों को ?900 प्रतिमाह की राशि हर महीने उपलब्ध करा दी जाए। इसमें कतई विलम्ब न हो। डीबीटी के माध्यम से धनराशि सीधे परिवार को भेजी जाए। गोवंश सत्यापन के लिए स्थानीय स्तर पर उपजिलाधिकारी स्तर के अधिकारी को नामित किया जाए।

### अंत्येष्टि स्थल और श्मशान घाट पर गोवंश उपला और गोइठा का उपयोग किया जाए

मुख्यमंत्री योगी ने निर्देश दिया कि अंत्येष्टि स्थल और श्मशान घाट पर उपयोग की जाने वाली कुल लकड़ी में 50 प्रतिशत गोवंश उपला और गोइठा का उपयोग किया जाए। यह उपला और गोइठा निराश्रित गोवंश स्थल से उपलब्ध कराया जाएगा। गोइठा से होने वाली आय उस गोवंश स्थल के प्रबंधन में उपयोग हो सकेगी। सभी 17 नगर निगमों और नगर पालिका वाले जिला मुख्यालयों पर कैटल कैचर वाहन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। प्रदेश की सहकारी दुग्ध समितियों से जुड़े दुग्ध उत्पादकों के दुग्ध का लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करते हुए आम जनमानस को गुणवत्तायुक्त दूध और दूध उत्पाद उचित मूल्य पर उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार संकल्पित है। सतत समन्वित प्रयासों से प्रदेश में दुग्ध समितियों ने दुग्ध उत्पादन, संग्रह, विक्रय आदि में अभूतपूर्व कार्य किया है। इससे हमारे पशुपालकों की आय में बढ़ोतरी हुई है। बलिनी मिल्क प्रोड्यूसर जैसी संस्थाओं ने अनुकरणीय कार्य किया है। सभी जनपदों में दुग्ध समितियों के गठन को और विस्तार दिया जाए। इसमें महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण हो सकती है। राज्य सरकार ने जनपद कानपुर, मुरादाबाद, गोरखपुर, आजमगढ़ और प्रयागराज में निजी क्षेत्र के सहयोग से नए डेयरी प्लांट स्थापित करने का निर्णय लिया है। इस सम्बंध में मंत्रिपरिषद के निर्णयानुसार आवश्यक कार्यवाही की जाए। गांवों में दुग्ध सहकारी समितियों गठित कर दुग्ध उत्पादकों को गांव में ही उनके दूध के उचित मूल्य पर विक्रय की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु नन्द बाबा दुग्ध मिशन योजना संचालित की गयी है। इसके अच्छे परिणाम मिले हैं। अधिकाधिक दुग्ध उत्पादकों को इसका लाभ दिलाया जाए। उन्होंने गोवंश नस्ल सुधार के कार्यक्रमों को बढ़ाये जाने की जरूरत है। विकास खंड पर स्थापित वृहद गो-आश्रय स्थल इस कार्य के लिए उपयोगी हो सकते हैं। पशुपालकों को आपातकालीन सहायता के लिए टॉल फ्री हेल्पलाइन नंबर का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। यहां कभी भी कोई भी पशुपालक चिकित्सक से परामर्श प्राप्त कर सकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों को इस सेवा के बारे में अधिकाधिक जानकारी दी जाए, ताकि लोग इस सेवा का लाभ उठा सकें। पशुपालन, दुग्ध उत्पादन, विक्रय, नस्ल सुधार आदि सम्बंधित विषयों की संबंधित विभागीय मंत्री द्वारा साप्ताहिक समीक्षा की जाए। लक्ष्य निर्धारित करें, उसके सापेक्ष प्रयास करें।

# संपादकीय Editorial

## Hate speech, state 'impotent'

A judge in the Supreme Court remarked that hate speeches and rhetoric are being given because states are impotent. States are powerless. The states do not act on time. Such hate speech can stop only the moment politics and religion are separated. Justice KM Joseph and Justice BV Nagaratna have raised the question, 'Why do we need such a state when everything is being hated?' However, the judge's 'impotent' metaphor is exaggerated. At least not democratic. He could have called the state anything weak, inefficient, ineffective, indecisive, etc., but 'impotent' means that indirectly the people of the country are responsible, because in a democracy, the people choose their government. Hate speech is high between the two sides. He is constantly inciting people to create a 'Hindu Rashtra'. A crowd of lakhs is being mobilized. The other side is such that it is crazy to do 'Sarakalam'. Hate speech from communities like Sikh, Christian, Buddhist, Parsi etc. can be an exception. Recently, on the day of Ram Navami, processions were pelted with stones, violence and even arson were done in many states. This happens again and again, because at the root of them is 'hatred'. In front of the judicial bench, the Solicitor General of the Government of India, Tushar Mehta said that not the Central Government, the Kerala Government is silent. In May 2022, during a rally, the PFI called for the genocide of Hindus and Christians. Of course, today this organization is banned by the Government of India, but such provocative and murderous statements are still in vogue. The statement of a spokesperson of the DMK party was also quoted, which said that if you want equality, kill all Brahmins.' The reference was to Periyar. In fact, these are not only statements of hatred, but also the culmination of violence and murder.

Courts have never taken suo moto cognizance of such statements, this is a very serious question. From Aristotle, Chanakya to Dr. Ram Manohar Lohia, it has been accepted that religion and politics are mutually complementary, so separating the two is not the solution to hate politics. In view of the atmosphere created on the issue of 'Ram Mandir', politics got divided-communal and secular. Such politics is continuing since 1989 till today. The 'politics of hatred' began after Narendra Modi became the Prime Minister, as secular and Muslim parties still consider him the 'villain' of the 2002 Godhra communal riots. We have also seen the vandalism of many communal riots on the Hindu-Muslim divide, but the states can be termed as 'impotent', because hate statements also have the essence of religion.

In this context, the 'Dharma Sansad' organized in Haridwar in December 2021 comes to mind. During that, only Islam and Muslims were targeted. Some sages and saints said that Hindus should either be ready to die or be killed. Calls were made even to take up arms. On the other hand, some terrorist faces have done 'Sarkalam' of Hindus and the threats are still continuing. Muslim leaders and Maulana-Mullahs like Owaisi, Madani, Raza, Burke have given 'strong and provocative' answers to the politics of 'Hinduism'. Since the governments are not able to take any punitive or effective action, the judge has termed the state as 'impotent'.

In India such political parties like Muslim League, Shiromani Akali Dal, Ram Rajya Parishad and Hindu Mahasabha etc. are active even today, contest elections regularly, are registered with the Commission, which stand completely on the divisive basis of religion and communalism. However, in 1976, India was declared a 'secular' state by passing the 42nd amendment to the constitution. Yet religion based parties do exist. Punjab and Nagaland were partitioned on the basis of religion.

# Warning: overuse of antibiotics is dangerous, its overuse will prove to be a mess with health

According to scientists, due to the ever-increasing number of superbugs, there could be 10 million deaths worldwide every year by 2050. A superbug is a strain of bacteria, virus, and parasite that has arisen due to antibiotic misuse. After becoming a superbug, it does not die from any existing medicine and on many occasions even kills people. Excessive use of antibiotics creates an 'antimicrobial resistance' in bacteria, viruses, due to which superbugs are produced, whose infection becomes very difficult to treat. According to doctors, taking antibiotics for a viral infection like flu is more likely to become a superbug, which can slowly infect other humans as well. In our country too, the drug 'Carpinem Medicine', which is used for the treatment of pneumonia and septicemia, has now become ineffective against bacteria. That's why there has been a ban on making these medicines. Superbugs are spread from person to person through skin contact and wounds. In the year 2019, more than 1.2 million deaths occurred worldwide due to antibiotic resistance. The patients were victims of bacterial infection, but the antibiotic stopped working on them. Medical journal Lancet in its report on antibiotics has put forward some startling facts about India, stating that people of India are not taking antibiotics. Consume more than necessary without thinking. Due to this, antibiotic resistance is increasing in bacteria and they are becoming more powerful than before. In general, antibiotics work to eliminate 'bacterial infection' by killing bacteria. During the Corona period, the people of India have consumed antibiotics arbitrarily. During that time, the antibiotic drug named 'Azithromycin' was used the most. Generally, antibiotics are given when 'bacterial infection' is completely confirmed in the body and for this it is necessary to get tested or consult a doctor. The same report also states that 44 per cent of branded antibiotics taken in India were not approved by the Central Drugs Standard Control Organization (CDSCO). 10,100 brands of 1,098 different formulations of antibiotics are manufactured in India and only 46 per cent of these brands are approved by the central agency. Many medicines do not get approval from the Center, so these pharmaceutical companies take approval from the state government and start selling medicines arbitrarily. The Lancet clearly states that existing drugs should be used judiciously and sparingly, so that humans' own immune system can also fight the disease. It has been told in a report that in the last 15 years the use of antibiotics in the world has increased by 65 percent. There is currently no medicine for superbugs, but it can be prevented by taking some precautions. For example, wash your hands with soap and water at regular intervals. Use hand sanitizer to wash hands, keep food and drink in a clean place, cook food thoroughly. Minimize the use of antibiotics and make a habit of taking any medicine only on the advice of a doctor. Recently, concern has also been expressed by the United Nations for the increasing number of superbugs, as it may become a new threat to mankind. According to scientists, due to the ever-increasing number of superbugs, there could be 10 million deaths worldwide every year by 2050. Due to this, GDP could fall by at least $ 3.4 trillion annually by the year 2030 and 24 million people could go into poverty.

# Covid: No threat of new wave, need to adopt 'better respiratory etiquette' to avoid viral disease

Epidemiological and scientific evidence assures that India is not at risk of a new national wave. Covid is part of our ecosystem, as are other respiratory viruses. We should be prepared for ups and downs in Covid cases at regular intervals. More than three years have passed since the start of the COVID-19 pandemic, since then we have witnessed human suffering and challenges during three nationwide waves, as well as human resilience at every level of society and a return to normalcy due to the vaccination drive. By the beginning of the year 2023, the daily cases of Kovid had remained less than a hundred. But in the past few weeks, there has been a thirtyfold increase in Covid cases from less than 100 daily. According to the data released by the Ministry of Health on Sunday, 3,824 new cases were registered in a day in the last 24 hours, which is the highest number of new cases registered in a day in the last six months. Is this the beginning of a new wave of Covid or is it a cause for concern? Epidemiological and scientific evidence assures that India is not at risk of a new national wave. On 16 March, the World Health Organization's Technical Advisory Group ranked omicron on a par with the alpha, beta, gamma, and delta variants, which are older variants. This is the first time since the start of the pandemic that the worrisome variant is not circulating in any part of the world. XBB spreading infection in India right now. There is a slight concern about the 1.16 sub-variant. But not all variants and sub-variants are equally important. Since the start of the pandemic, more than 700 sub-variant and recombinant sub-lineages have been reported. However, only five have been reported as worrying variants. XBB. 1.16 is a subtype of Omicron, which spreads a little faster, but is similar to the other variants in terms of disease and immunodeficiency. The vaccines that are being given to people now are able to protect against the circulating subtypes and sublineages. Covid is now ubiquitous and will likely be with humanity forever. Now we must begin to differentiate between risk of infection and disease. The risk of disease just by being Covid positive is very limited, with cases of mild if mild illness now being the lowest. The disease-causing ability of the COVID virus has been blunted. Even though the daily cases of Covid in the country are increasing gradually, the number of hospitalizations and deaths have not increased during this period. In fact, most of the Covid cases in hospitals are those who are admitted for other reasons and are incidentally found to be Covid positive. In countries that have strong surveillance systems for respiratory viruses and diseases, it has been observed that the COVID infection rate is much lower as compared to other respiratory viruses. The number of laboratory-confirmed cases is of little relevance. Data on hospitalisations, critical illness and deaths due to Covid should be ascertained and used in policy making. An estimated 27,000 people die every day in India due to various reasons including old age. About one in 4,000 deaths per day is due to COVID-19. While about 500 people die from respiratory diseases, most of these deaths are preventable. The challenge of respiratory diseases is now 50 times greater than that of Covid-19. We need to focus on preventing deaths from many other causes. Tools such as genomic, wastewater analysis, influenza-like illness and severe acute respiratory illness surveillance can help in early detection of the emergence of new variants. The data generated from these monitoring systems can be used more effectively and guide policy interventions. The current spurt in Covid cases may increase the demand for Covid vaccine for the fourth time. However, there is no immediate scientific reason to give a fourth dose to people of any age in India. However, at-risk individuals who have not received the vaccine a third time need to receive a single dose of the vaccine as soon as possible. This is also the time to use the learnings of the last three years of Covid-19. There is much room for improvement in the government and society's response to Covid. Infectious diseases need to be evidence based. The government should regularly review the situation at the highest level, but mock drills are not necessary for preparation. The government should hold regular press conferences with experts and officials. This helps in removing misinformation and giving correct information. Medical experts also need to be more responsible and should speak only on topics they understand. Covid as a disease has become endemic, therefore, there is nothing worth calling 'Covid Appropriate Behaviour'. Restrictions such as closing schools or imposing masks have no role to play. Covid needs to be handled like any other respiratory illness. The time has come for people to start adopting 'good respiratory etiquette' to combat the seasonal rise in viral illness. People with 'cough and cold' should always wear a mask. Everyone should cover their face and nose while coughing and sneezing. When there is a rise in cases, the elderly need to wear masks when they go to crowded places. There are more viruses, bacteria and other organisms on this earth than humans.The number of pathogens is much higher. This is the world of both. Covid is part of our ecosystem, as are other respiratory viruses. We should be prepared for ups and downs in Covid cases at regular intervals. Luckily we know more now than three years ago how to protect ourselves.

## Challenging the rule of law, it is possible to teach a lesson to the criminal elements only by taking strict action without any bias

Due to the violence that started on Ram Navami in Bihar's Sasaram and Bihar Sharif, the manner in which tension was visible at both the places on the third day also, explains the serious law and order situation. The manner in which Union Home Minister Amit Shah had to speak to the Governor of Bihar and decide to send paramilitary forces also shows that the police could not adequately meet the challenge posed by the miscreants. In Bihar's first Bengal too, Howrah's police had failed to restore normalcy after the violence on Ram Navami and that's why there was violence on the second day as well. Violence also took place in Chhatrapati Sambhaji Nagar in Maharashtra and Vadodara in Gujarat on Ram Navami. Fortunately, the violence there was brought under control within a relatively short period of time. It is expected that the states which witnessed violence on Ram Navami will take strict action against the elements who created nuisance. States have to reflect on why processions are targeted and who are the perpetrators? There are some cities where violence and tension are usually seen on every festival. Sasaram is counted among such cities. There are some other areas of Bihar too, where violence erupts on Ram Navami or Durga Puja. Whenever this happens, allegations and counter-allegations erupt between political parties. The same is happening this time too. This is natural, but because of this, there should not be any laxity in controlling the unruly elements. It should be understood that the adventurism of unruly elements can be suppressed only by taking stern action. Uttar Pradesh is becoming an example in this matter. Other state governments have to consider that why Uttar Pradesh is able to set an example in terms of law and order? Stringent action should be taken against the elements inciting communal violence because they not only hurt social harmony by their antics, but also bring disrepute to the State Governments.

# गबरू सैफी को सुरक्षा दो, हमलावरों को गिरफ्तार करो, ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक यूथ ऑर्गेनाइजेशन ने किया प्रदर्शन




मुरादाबाद- ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक यूथ ऑर्गेनाइजेशन जिला कमेटी उत्तर प्रदेश ने सोमवार को गबरू सैफी की सुरक्षा तथा हमलावरों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर कलेक्टर पर प्रदर्शन किया। साथी ही एक ज्ञापन जिला अधिकारी को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कमेटी के कार्यकर्ताओं का कहना है कि लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व थाना कटघर क्षेत्र निवासी गबरू सैफी का जमीन को लेकर इमरान नाम के व्यक्ति से विवाद हो गया था। विवाद के चलते इमरान और उसके तीन साथियों ने गबरू सैफी पर जानलेवा हमला कर दिया था। हमले के दौरान गबरू सैफी का साथी मुखिया रियासत गोली लगने से घायल हो गए थे। जबकि गबरू सैफी गोली लगने के कारण अपाहिज हो गया था। जिसका थाना कटघर में मूल संख्या 225/ 2022 धारा 307 आईपीसी में इमरान और उसके अन्य साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया था। साथ ही थाना कटघर पुलिस द्वारा इमरान की गिरफ्तारी करली गई थी। इमरान को न्यायालय में समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया था। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि न्यायालय द्वारा इमरान को जमानत मिल गई है। जमानत मिलते ही इमरान व उसके अन्य साथियों ने ईद से पहले गबरु को जान से मारने की धमकी दी है। जिसकी शिकायत पुलिस प्रशासन को बदमाशों के खिलाफ लिखित रूप से प्रार्थना पत्र द्वारा दे दि गई है। ज्ञापन के माध्यम से कार्यकर्ताओं ने मांग की है कि गबरू सैफी व उसके परिवार को पुलिस सुरक्षा देने के साथ ही हमलावारो की गिरफ्तारी की जाए। ईद से पहले हमलावर इमरान की जमानत निरस्त की जाए। ज्ञापन देने वालों में रोहिताश राजपूत, श्याम सुंदर, अविनाश चंद्र, इरशाद व हर किशोर सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रकरण : ललित की हिस्ट्रीशीट खोलकर गैंग पंजीकृत करेगी पुलिस




मुरादाबाद- सीए श्वेताभ तिवारी और व्यापारी कुशांक गुप्ता हत्याकांड का पर्दाफाश कर पुलिस मामले में आरोपी पूर्व ब्लाक प्रमुख की हिस्ट्रीशीट खोलने जा रही है। जिसके तहत गैंग पंजीकरण करने के भी आदेश दिए गए हैं। जबकि, पुलिस कार्रवाई से संबंधित सूचनाएं लीक करने वाले पुलिसकर्मियों की रिपोर्ट डीआइजी ने मांगी है। प्राथमिकी जांच में सीडीआर रिपोर्ट के आधार पर लगभग छह पुलिसकर्मियों को चिह्नित भी किया गया हैं। इन पुलिसकर्मियों की भूमिका की जांच करने के साथ ही उन पर कार्रवाई होगी। मूंढापांडे के पूर्व ब्लाक प्रमुख ललित कौशिक के मामलों की जांच में पुलिस को पता चला है कि कई बार शिकायतकर्ता थाने पहुंचकर शिकायत करते थे। लेकिन, कार्रवाई होने से पहले ही कुछ पुलिसकर्मी सूचनाओं को लीक कर देते थे। जिसके बाद आरोपी पूर्व ब्लाक प्रमुख पीड़ित पर दबाव बनाकर शिकायत वापस करा लेता था। काल रिकार्ड और सीडीआर रिपोर्ट के आधार पर ऐसे पुलिस कर्मियों को चिह्नित करके कार्रवाई के आदेश डीआइजी शलभ माथुर ने जारी किए हैं। पूर्व ब्लाक प्रमुख की संपत्तियों की जांच करने के साथ ही पुराने विवादों की दोबारा से समीक्षा की जा रही है। इसके साथ ही पुलिस गैंग पंजीकरण, गैंगस्टर की कार्रवाई के बाद हिस्ट्रीशीट खोलने की तैयारी में पुलिस जुट गई है। रविवार को मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए डीआइजी ने जांच से जुड़े सभी अधिकारियों के साथ बैठक की। अभियोजन अधिकारियों से समन्वय बनाकर सभी मामलों में चार्जशीट दाखिल करने के निर्देश भी दिए हैं।

## लगातार संपर्क में रहे लोगों से होगी पूछताछ

पूर्व ब्लाक प्रमुख के करीबियों से पुलिस जल्द ही पूछताछ करेगी। मोबाइल काल रिकार्ड के आधार पर पुलिस अधिकारियों ने एक सूची तैयार की है। जिसमें नेता, कारोबारियों के साथ ही कुछ सट्टेबाजों और जुआरियों के नाम शामिल हैं। इन सभी से पूछताछ के लिए पुलिस तैयारी कर रही है। जल्द ही इनसे और पूर्व ब्लाक प्रमुख के बीच कैसे संबंध थे, इसको लेकर जांच कराई जाएगी। कुशांक और सीए हत्याकांड में जेल भेजे गए आरोपी पर गैंग पंजीकरण, गैंगस्टर के साथ ही उसकी हिस्ट्रीशीट खोलने के निर्देश जारी किए गए हैं। जेल भेजे जाने के बाद से लगातार आरोपियों के खिलाफ शिकायतें प्राप्त हो रही हैं।

सभी मामलों की निष्पक्षता से जांच के निर्देश दिए गए हैं। काल डिटेल्स के आधार पर आरोपी के जो भी करीबी या मददगार रहे हैं, उनसे भी पूछताछ के निर्देश एसएसपी को दिए हैं। -शलभ माथुर, डीआइजी

# नगरीय निकायों का आगामी सामान्य निर्वाचन को सुचारू रूप एवं बेहतर ढंग से सम्पन्न काराये जाने के दिये निर्देश

मुरादाबाद-जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय पर नगरीय निकायों का आगामी सामान्य निर्वाचन 2023 की विभिन्न प्रबन्धकीय व्यवस्थाओं को समय से पूर्ण कराये जाने के संबन्ध मे बैठक आहूत की गई । जिलाधिकारी ने जनपद मुरादाबाद की नगरीय निकायों का आगामी सामान्य निर्वाचन 2023 को सुचारू रूप से सम्पन्न काराये जाने के लिए निर्वाचन की विभिन्न व्यवस्थओं को समयान्तर्गत पूर्ण करने हेतु प्रभारी अधिकारी/सहायक प्रभारी अधिकारी नामित/पदाभिहीत किया है । जिलाधिकारी ने आयोग के निर्देशानुसार मतदान/मतगणना कार्मिको के डाटाबेस तैयार किये जाने, निर्वाचन सामग्री, लेखन सामग्री, मतदाता सूचियो की तैयारी,

इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीनो की एफएलसी, बेरीकेटिंग, मेज कुर्सियो, प्रकाश आदि व्यवस्था, विडियो ग्राफी/सीसीटीवी/ डाक मतपत्र, मत पेटिकाओं आदि व्यवस्थाओ के संबन्ध मे संबन्धित अधिकारियो को सभी तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश दिये है। जिलाधिकारी ने आगामी नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन को बेहतर ढंग से सम्पन्न कराने के निर्देश दिये। बैठक मे मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0, अपर जिलाधिकारी नगर, अपर जिलाधिकारी प्रशासन, नगर मजिस्टेउट, उप जिलाधिकारी सदर, अपर नगर मजिस्ट्रेट, मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी सहित संबन्धित विभागो के अधिकारी उपस्थित रहे।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# तिथियों का इंतजार, चुनाव लड़ने को दावेदार हैं तैयार




तिथियों का इंतजार, चुनाव लड़ने को दावेदार हैं तैयार

मुरादाबाद- नगर निकाय चुनाव के लिए मतदाता सूची जारी होने के बाद अब तारीखों का इंतजार है। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के लिए दावेदार राह देख रहे हैं। वहीं, नगर निगम के महापौर और नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए अंतिम आरक्षण फाइनल होने के बाद नये सिरे से आवेदन लेने के बाद ही प्रत्याशियों की घोषणा राजनीतिक दल करेंगे। महापौर का पद सामान्य के लिए घोषित होने पर दावेदारों की संख्या बढ़नी तय है। नगर निकाय चुनाव के लिए एक अप्रैल को जिला स्तर पर मतदाता सूची जारी की गई। इसमें मतदाताओं की संख्या नवंबर में जारी मतदाता सूची से बढ़ गई है। इसमें जिले में 9,38,424 की जगह मतदाताओं की संख्या बढ़कर 9,47,506 हो गई। इस प्रकार जिले में 9082 मतदाता बढ़ गए। अब इन नये मतदाताओं का रुख भी जीत हार में निर्णायक भूमिका निभाएगा। सबसे अधिक दारोमदार नये वोटर बनने वालों पर रहता है। क्योंकि यह युवा उत्साह जिस तरफ झुकता है उस तरफ जीत का भरोसा बढ़ जाता है। इसलिए दावेदार पुराने वोटरों से अधिक नये मतदाताओं को लुभाने पर अधिक समय देते हैं। क्योंकि यह न सिर्फ बूथों पर पहुंचकर मत देते हैं बल्कि चुनाव में प्रचार कर टेंपो भी हाई करने में भूमिका निभाते हैं। नगर निगम में भी नयी सूची के अनुसार 4515 वोटर बढ़ने से कुल मतदाताओं की संख्या 6,73,843 हो गई है।

## दलों में महापौर के लिए नये सिरे से लिए जाएंगे आवेदन

2022 में भले ही निकाय चुनाव नहीं हो पाए, लेकिन आरक्षण के फार्मूले के हिसाब से महापौर का पद महिला के लिए घोषित होने के आधार पर सभी दलों में आवेदन लिए गए थे। अब यह सीट सामान्य हो गई है जिसमें कोई भी चुनाव लड़ने के लिए स्वतंत्र है। इसलिए अब नये सिरे से आवेदन लेने के बाद ही दलों के प्रत्याशी घोषित होंगे। जिससे सबकी नजर टिकट मिलने पर लगी है। निवर्तमान महापौर से लेकर कई नये दावेदार भी अब अपने नाम को आगे बढ़ाने में लग गए हैं। सपा, बसपा, कांग्रेस में भी दावेदारों की संख्या अब बढ़नी तय है।

## राजनीतिक दलों के कार्यालयों में बढ़ी हलचल

निकाय चुनाव की तारीख भले घोषित नहीं हुई है। लेकिन, सरकार द्वारा चुनाव जल्द कराने की मंशा दिखने पर इन दलों के कार्यालय जो आए दिन सूने रहते थे, पर रौनक बढ़ गई है। कभी बैठक तो कभी सामान्य चर्चा के लिए ही पदाधिकारी और कार्यकर्ता कार्यालय में बैठ रहे हैं। भाजपा, सपा, कांग्रेस और बसपा हर कार्यालय में सक्रियता बढ़ी है। वहीं, वार्डों में भी त्योहार की शुभकामना देकर एक दूसरे से मेलजोल बढ़ाया जा रहा है।

# अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम पूरे देश में लागू करे सरकार, प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन



मुरादाबाद- अधिवक्ताओं की आए दिन हत्या और उन पर हो रहे अत्याचार से सुरक्षा के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने सोमवार को जिला प्रशासन के माध्यम से प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन भेजा। संघर्ष समिति के अध्यक्ष एडवोकेट त्रिलोक चंद्र दिवाकर आदि ने इस ज्ञापन के माध्यम से बताया कि द्वारिका दिल्ली में अधिवक्ता वीरेंद्र कुमार की बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। इसके अलावा प्रयागराज में अधिवक्ता उमेश पाल की हत्या बदमाशों ने दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी थी। ऐसी कई घटनाएं अधिवक्ताओं के साथ आए दिन हो रही है। इससे अधिवक्ता समाज खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है। सरकार को अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए पूरे देश में राजस्थान की तरह एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट प्रभावी रूप से लागू कराया जाए। ज्ञापन देकर मांग करने वालों में समिति के सचिव सचिन कुमार प्रेमी, मोहम्मद तनजीम, राहुल विक्रम सिंह, हबीब हुसैन, मोहम्मद सुहैल, सुनील कुमार, तारा सिंह, सोनू सैनी आदि अधिवक्ता शामिल रहे।

# आईपीएल सितारों की राह पर शहर के युवा खिलाड़ी




मुरादाबाद- आईपीएल सितारों की राह पर चलते हुए शहर की युवा प्रतिभा आईपीएल और भारतीय टीम की चौखट तक पहुंच गई हैं। उम्मीद है बहुत जल्द इन उभरते सितारे को टीम में जगह मिल सकेगी। इन खिलाड़ियों में आर्यन जुयाल, शिवा सिंह और शिवम शर्मा शामिल हैं। आर्यन पिछले सीजन में मुंबई इंडियंस टीम का हिस्सा रह चुके हैं। मगर, इन्हें टीम के लिए खेलना का मौका नहीं मिला। शहर में हमेशा क्रिकेट की एक से बढ़कर एक प्रतिभा देखने को मिली है। यहां से भारतीय टीम में शानदार लेग स्पिन गेंदबाज पीयूष चावला और तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने जगह बनाई है। इनकी राह पर चलते हुए तेज गेंदबाज मोहसिन खान ने आईपीएल तक का सफर तय कर लिया है। यह तीनों खिलाड़ी इस समय आईपीएल में जलवा बिखेर रहे हैं। इनकी राह पर चलते हुए शहर के युवा सितारे क्रिकेट पिच पर चौके- छक्के लगा रहे हैं। इनमें आर्यन जुयाल, शिवा सिंह और शिवम शर्मा जैसे खिलाड़ी भी शामिल हैं। मुबंई इंडियस की ओर से नहीं मिला पदार्पण का मौका आर्यन जुयाल को पिछले आईपीएल सीजन में मुंबई इंडियस ने खरीदा था। लेकिन, वहां पूरे सीजन उन्हें खेलने का मौका नहीं मिला। जिसके बाद आईपीएल के 16 वें संस्करण में उन्हें टीम ने रिलीज कर दिया। आर्यन विकेट कीपर बल्लेबाज की भूमिका निभाते हैं। वह 2018 अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप भारतीय टीम के हिस्सा रहे।

## बाएं हाथ के फिरकी गेंदबाज है शिवा सिंह

शिवा सिंह उत्तर प्रदेश के लिए घरेलू क्रिकेट खेलते हुए बाएं हाथ से फिरकी गेंदबाजी करते हैं। वह पृथ्वी शॉ की कप्तानी में 2018 भारत के लिए अंडर-19 वर्ल्ड टीम का हिस्सा रहे। 23 साल के शिवा सिंह ने 2018-19 में यूपी के लिए लिस्ट ए पदार्पण किया था।

## शानदार आलराउंडर है शिवम शर्मा

शिवम शर्मा रणजी में यूपी टीम का हिस्सा हैं। वह बाएं हाथ की फिरकी गेंदबाजी के साथ ही उपयोगी बल्लेबाज है। शिवम ने रणजी में 2020 में बिहार के खिलाफ 10 ओवर में 31 रन देकर 7 विकेट और उड़ीसा के खिलाफ 6 विकेट लेने का रिकार्ड अपने नाम किया था। शिवम ने लिस्ट ए में 2021 में उप्र. के लिए विजय हजारे ट्राफी में पदार्पण किया।

## युवा बोले

युवा खिलाड़ी मोहम्मद तालिब, केशव ठाकुर, विकास शर्मा आदि ने उम्मीद जताई कि आर्यन, शिवा और शिवम बहुत जल्द आईपीएल और भारतीय टीम का हिस्सा होंगे। वहीं, क्रिकेट कोच बदरुद्दीन सिद्दीकी ने बताया कि तीनों खिलाड़ी के खेलने का तरीका अलग है। शिवम और शिवा जरूर दोनों बाएं हाथ के गेंदबाज है। यह अगले सीजन में जरूर आईपीएल में खेलेंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त

# चैत्र शुक्ल त्रयोदशी को 2622 वां श्री महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया

प्रदीप गुप्ता
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



बरेली-चैत्र शुक्ल त्रयोदशी को 2622 वां श्री महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस सुभ अवसर पर निकाली गई शोभायात्रा में धर्मावलंबियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। बिहारीपुर स्थित जैन मंदिर पर प्रातःकाल से ही श्रद्धालु पहुंचना शुरू हो गए। शहर के दोनों ही जैन मंदिरों में भगवान का अभिषेक, शांति धारा व नित्य नियम पूजन के उपरांत भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

इस बार के महोत्सव में संत शिरोमणि परम पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर के शिष्य मुनि श्री अरह सागर जी के रहने से श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बनता था। मुनि श्री ने इस विशेष अवसर पर कहा कि भगवान महावीर के जैन दर्शन का एक अंग आत्म स्वतंत्रता भी है, जिसके अनुसार घर-घर में भगवान का वास होता है,

जन-जन भगवान बन सकता है, हर आत्मा प्रभु है, यदि व्यक्ति भगवान महावीर के सिद्धांतों को अपना ले तो पूरे विश्व में सुख शांति की लहर आ सकती है। महोत्सव के मीडिया प्रभारी सौरभ जैन ने कहा की वर्तमान में भी विश्व की सभी समस्याओं का निदान भगवान महावीर के संदेशों में है, चाहे वह यूक्रेन रूस का युद्ध हो या श्रीलंका व पाक का आर्थिक संकट हो या करोना जैसी आपदा। उन्होंने आगे कहा कि भगवान महावीर ने कहा है कि प्रकृति संरक्षण, जीव दया व अहिंसा का पथ ही जीव कल्याण का मार्ग है। बिहारीपुर जैन मंदिर के मंत्री प्रकाश चंद जैन ने कहा कि भगवान महावीर के अनेकांतवाद में सामने वाली की बात को भी स्वीकार कर सम्मान दिया जाता है, यह सिद्धांत जैन दर्शन का महत्वपूर्ण अंग है और इसमें संसार के सारे विवादों का हल है। जीओ और जीने दो का संदेश देती भव्य झाकियों के साथ बिहारीपुर मंदिर से शुरू हुई शोभायात्रा इस्लामियां मार्केट, अनाथालय रोड, पटेल चौक से जैन मंदिर रामपुर बाग पहुंची, जहां जिनेंद्र भगवान को पांडुशिला पर विराजमान कर अभिषेक व पालना का कार्यक्रम किया गया,

तदुपरांत शोभा यात्रा नगर निगम मार्केट, पटेल चौक होते हुए बिहारीपुर मंदिर पर धर्म सभा में परिवर्तित हो गई। जगह जगह पर वीर भक्तों ने शोभा यात्रा का भव्य स्वागत किया। इस दौरान केसरिया, पीले



और रंग-बिरंगे परिधानों में सजे श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों की थाप पर महावीर झूले पालना, तुमसे लागी लगन, महावीर तुम्हारे द्वारे पर आदि भजनों पर झूम रहे थे, उनके गगनभेदी जयकारों से शहर आस्था में डूबा नजर आया। बिहारीपुर मंदिर में पांडुशिला पर भगवान के पुनः अभिषेक के उपरांत हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रश्मि पटेल रही,

इस अवसर पर श्रीमती रश्मि पटेल ने अपने उद्बोधन में भगवान महावीर के संदेशों पर प्रकाश डालते हुए, भगवान महावीर के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। सुबह से शाम तक हुए धार्मिक कार्यक्रमों के उपरांत समाज का सहभोज हुआ।

आयोजन में आशीष जैन सारथी, सतेंद्र जैन कुबेर, अशोक जैन खवासी, इंद्र राजेश जैन, देवेंद्र जैन,संदीप देसाई, राजकुमार जैन, सतेंद्र जैन एड. संजय जैन,भूपेंद्र जैन,संयोजक के.के माहेश्वरी, दिनेश चंद जैन, डॉ एस.के.जैन, सुधीर जैन, सुनील जैन, कृष्ण कुमार जैन, निर्वाण समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र जैन, शालनी जैन, रोहणी जैन, सुनीता जैन, राशि जैन, राजेंद्र जैन, निशी जैन, रीता जैन, उषा जैन, कल्पना जैन, किशन जैन, नीति जैन, सांची जैन, अश्वनी जैन, राम कुमार जैन, संभव जैन, त्रिशला जैन, विजय रानी जैन,राजकुमार जैन,अनिल कुमार जैन, राम दयाल जैन, आर.सी. जैन, कुसुम जैन, राधा जैन, मुकेश जैन मन्यवार वाले, ए.के. जैन,सरला जैन,सुमन कुमार जैन, सुमन अरोड़ा आदि का सहयोग प्राप्त हुआ।

## संक्षिप्त समाचार

### भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन



प्रद्युम्न कटियार
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

कानपुर ( बिल्हौर )- क्षेत्र के ग्राम मल्लापुर में रविवार को देर संध्या भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, समिति के सदस्यों ने बताया कि भक्ति जागरण में अतुल साँवरे के ग्रुप द्वारा एक से बढ़कर एक भक्ति में भजन की प्रस्तुति दी गई, उन्होंने अपने भजन एवं गीत व झाँकी के माध्यम से सभी श्रद्धालुओं को जयकारों की गूँज से खुश कर दिया, भक्ति जागरण के पश्चात श्रद्धालुओं में उत्साह देखने को मिला इस मौके पर सौरभ कटियार, श्याम जी कटियार, विवेक, गोविंद , अमित दुबे, शुशील कुमार, नितिन कटियार समेत आदि लोग मौजूद थे।

### निकाय चुनाव के लिए निर्वाचन आयुक्त ने की बैठक, कानून-व्यवस्था सहित कई मुद्दों पर हुई चर्चा



यूपी के राज्य निर्वाचन आयोग में निकाय चुनाव की तैयारी के लिए बैठक शुरू हो गई है। बैठक में कानून व्यवस्था सहित कई मुद्दों पर चर्चा हुई।शहरी निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग सक्रिय हो गया है। निर्वाचन आयुक्त मनोज कुमार ने चुनाव की तैयारियों को लेकर बैठक बुलाई। बैठक में प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद, नगर विकास के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात, सचिव रंजन कुमार और स्पेशल डीजी प्रशांत कुमार मौजूद रहे।बैठक में खास तौर पर चुनाव के दौरान कानून व्यवस्था को लेकर मंथन हुआ। आयोग ने कहा कि इस बाबत कार्य योजना तैयार की जाए और शीघ्र ही हर बिंदु आयोग के समक्ष रखा जाए। निर्वाचन आयोग ने प्रत्येक जनपद में पुलिस की कार्रवाई की रिपोर्ट भी पेश करने को कहा है। चुनाव की तैयारियों को लेकर पुलिस ने क्या किया, कितने लोगों को मुचलका पाबंद किया और कितने लोगों पर किस धारा में कार्रवाई की सभी की रिपोर्ट रखने को कहा गया है।

# अखिलेश यादव ने महंगाई और बेरोजगारी पर भाजपा को घेरा, बोले- उद्योगपति चला रहे हैं सरकार



सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रायबरेली में भाजपा सरकार को निशाने पर लिया और कहा कि यह सरकार उद्योगपति चला रहे हैं। जनता महंगाई और बेरोजगारी से परेशान है। युवाओं के पास रोजगार नहीं हैं।समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा सरकारों को महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दे पर घेरा और कहा कि डबल इंजन की सरकार को उद्योगपति चला रहे हैं। लोगों को आगाह करते हुए कहा कि अगर 2024 के चुनाव में भाजपा फिर सत्ता में आ गई तो देश में लोकतंत्र ही खत्म हो जाएगा। सबको मिलकर लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई लड़ने का समय आ गया है। इसके लिए अभी से सभी लोग तैयार हो जाएं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के हर अन्याय के खिलाफ विधानसभा से लेकर सड़क तक केवल समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता ही लड़ रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री जगतपुर ब्लॉक क्षेत्र के टिकड्डा मुसल्लेपुर में पूर्व मंत्री एवं ऊंचाहार से सपा विधायक मनोज कुमार पांडे की ओर से आयोजित सभा को संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार पर झूठे दावे करने का आरोप लगाते हुए कहा कि अभी भाजपा सरकार ने बेरोजगारी दर 4 प्रतिशत होने का दावा किया। उन्होंने कहा आज गांव के सारे युवा बेरोजगार है और सरकार झूठे दावे करके युवाओं को गुमराह करने का काम कर रही है। भीड़ की ओर इशारा करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रति व्यक्ति आय दोगुनी होने का भाजपा दावा कर रही है। क्या ऐसा हुआ है तो भीड़ से जवाब आया नहीं। पूर्व मुख्यमंत्री ने अदाणी का नाम लिए बगैर कहा कि इतनी जल्दी वह बड़ा पूंजीपति बन गया है। यह सब भाजपा सरकार की देन है।

### पक्षी आजाद ही अच्छा लगता है, पिंजरे में नहीं...

पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने आरिफ और सारस की दोस्ती का मुद्दा उठाते हुए कहा कि पक्षी आजाद ही अच्छा लगता है, पिंजरे में नहीं। आरिफ ने सारस की सेवा न की होती तो वह जिंदा न होता। अगर सारस की मौत हो गई तो उसकी जिम्मेदार भाजपा सरकार होगी।

भाजपा सरकार में आम लोगों पर ही नहीं पक्षियों पर भी पाबंदी लगाई जा रही है। सारस को चिड़ियाघर इसलिए भेजा गया कि कहीं वह फिर आरिफ के पास न पहुंच जाए। उन्होंने कहा कि गाय के लिए कानून है तो सांड़ के लिए क्यों नहीं?

### क्यों नहीं दिखाई देती सिलेंडर वाली सांसद?

सपा मुखिया ने अमेठी सांसद एवं केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी पर निशाना साधते हुए कहा कि आज सिलेंडर के दाम 1100 रुपए से अधिक हो गए हैं। आपके बगल की अमेठी सीट से सिलेंडर वाली सांसद अब क्यों कहीं नहीं दिखाई देती। उन्होंने कहा भाजपा ने गरीबों के घर में लाल वाला सिलेंडर तो पहुंचा दिया लेकिन गरीबों के लिए इस महंगाई में सिलेंडर भरवाना ही मुश्किल है।

# लड़की के साथ युवक झाड़ियों में बैठा था, जंगली सूअर के शक में शिकारियों ने मार दी गोली

सोनभद्र के पतखिरना गांव में तीन दिन पूर्व हुई युवक की हत्या के मामले में सोमवार को पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा किया। दो शिकारियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। लड़की के साथ युवक झाड़ियों में बैठा था। जंगली सूअर के शक में शिकारियों ने गोली चलाई गई। गोली लगने से युवक की मौत हो गई। छर्रा लगने से लड़की घायल हो गई। शिकारी जब मौके पर पहुंचे उन्हें अपनी गलती का अहसास हुआ। वे मौके से भाग गए। लड़की भी युवक को छोड़कर चली गई। यह सनसनीखेज खुलासा सोमवार को पुलिस ने किया। आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना यूपी के सोनभद्र जिले के बभनी थाना क्षेत्र के पतखिरना गांव की है। एएसपी ऑपरेशन त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि पतखिरना निवासी शंकर गोंड का शव तीन दिन पहले झाड़ियों में मिला था। उसके शरीर पर नुकीले हथियार से चोट के निशान थे। इस मामले में मृतक के पिता राजपाल गोंड की तहरीर पर 31 मार्च को तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। शिकारियों ने बताया सच - घटना के अनावरण में एसओ अमित सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम लगी थी। तफ्तीश में मिले



सुराग के आधार पर पुलिस ने सोमवार सुबह पतखिरना गांव के ही गोविंद बैगा और शिवनारायण को गिरफ्तार किया। पुलिस की पूछताछ में उन्होंने बताया कि 30 मार्च को दोनों जंगली सूअर का शिकार करने निकले थे।जंगल में एक सूअर का पीछा करते हुए फायर भी किया, लेकिन वह भाग गया। इसी दौरान उन्हें नाले के पास झाड़ियों में कुछ हलचल दिखी। यह सोचते हुए कि सूअर झाड़ियों में ही छिपा होगा, दोनों ने फिर से गोली दाग दी। यह गोली झाड़ियों के पीछे मौजूद शंकर को लगी, जिससे उसकी मौत हो गई। जंगल में लकड़ी काटने गई गांव की एक लड़की युवक के साथ थी। छर्रा लगने से वह घायल हो गई।दोनों जब शिकार लेने वहां पहुंचे तो शंकर को मृत देख सन्न रह गए। इसी बीच जख्मी लड़की वहां से फरार हो गई थी। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज करते हुए उन्हें जेल भेज दिया। उनके पास से घटना में प्रयुक्त बारूदी गन ( शिकार में उपयोग आने वाला ) भी बरामद हुआ। देर रात पार्टी से लौटा, सुबह बिस्तर पर मृत मिला युवक

घोरावल कोतवाली क्षेत्र के सिरसाई ग्राम पंचायत के बसही गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में क्लीनिक संचालक की मौत हो गई। वह देर रात पार्टी से घर लौटा और सुबह बिस्तर पर मृत पाया गया। मौके पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मिर्जापुर जिले के राजगढ़ थानांतर्गत भीटी गांव निवासी दिनकर भारती ( 25 ) पुत्र विनोद भारती घोरावल कोतवाली क्षेत्र के बसही गांव में किराए के मकान में करीब दो साल से क्लीनिक चलाता था। पास के ही सिरसाई गांव में उसकी बहन का घर है। ग्रामीणों ने बताया कि रविवार रात वह अपनी बहन के घर पार्टी में गया था। देर रात करीब 10 बजे वह पार्टी से लौटकर क्लीनिक में शटर बंद कर सो गया।मकान मालिक के बेटे ने जब सुबह उसे देर तक सोते देखा तो शटर पीटा, लेकिन कोई हरकत नहीं हुई। इसके बाद वह पीछे के दरवाजे से अंदर गया तो दिनकर बिस्तर पर मृत पड़ा था। घटना की जानकारी होते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। हादसे की खबर सुनकर मृतक दिनकर के माता-पिता व परिजन भी मौके पर पहुंचे। सीओ अमित कुमार, प्रभारी निरीक्षक अंजनी कुमार राय, इंस्पेक्टर क्राइम मनोज कुमार पुलिस फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे।

KNLS लाइव हर खबर लाइव
KYUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश .
उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली
,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान
आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला
व्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
बिना किसी सिक्यूरिटी के
KNLS Live
सम्पर्क करे-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999' में
न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दम में

# धुमरी, मलावन में प्रतिबंधित माँगूर मछली की बड़े पैमाने पर हो रही तस्करी




निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा- जनपद में प्रतिबंधित माँगूर मछली की तस्करी बिक्री विभागीय मिली भगत से खुलेआम चल रही है जबकि पूर्व एक शिकायत पर मत्स्य विभाग मांगुर मछली के जनपद में बिक्री न होने का दावा करता है, इस सम्बंध में जब गुप्त तरीके से अभियान चलाकर पड़ताल की गई तो बड़े बड़े गोदामों में कुन्तलों के हिसाब से प्रतिबन्धित माँगूर मछली गोदामों में भरी पायी गयी । इस दौरान कुछ ठेकेदारों ने तो यह भी बताया कि जनपद में इस मछली की गाड़ियां प्रति दूसरे बाहरी जनपदों प्रांतों से आती है और गोदामों पर उतारी जाती हैं जहां से थोक और फुटकर में बिक्री खुलेआम होती है । बड़े बड़े गोदामों में मलावन, एटा जीटीरोड गल्ला मंडी के निकट, धुमरी, अलीगंज, जैथरा में है जिनमें माँगूर भरी पड़ी और विभाग के अधिकारी फोन तक नहीं उठाते हैं,इससे लगता है कि मत्स्य अधिकारी के आशीर्बाद से जिले में तस्करी बिक्री का खेल चल रहा बरहाल असलियत करने के बाद मुझ पत्रकार पर मामले को मिलजुल कर खत्म करने का दबाब बनाया जा रहा है।

# गोबर गैस से बिजली बनाने का प्लांट लगाने की डीपीआर तैयार

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा- कासगंज, । जिले की दो गोशालाओं में गोबर गैस प्लांट लगाकर बिजली बनाई जाएगी। जिला पंचायत ने सोरों की पचलाना व सिढ़पुरा की पिथनपुर स्थित गोशाला में गोबर गैस से बिजली बनाने की डीपीआर बनाकर भेजी है। रविवार को सीवीओ डा. एमके अग्रवाल ने बताया कि जिला पंचायत के द्वारा पचलाना व पिथनपुर में गोबर गैस से बिजली बनाने का प्लांट लगाने की डीपीआर तैयार की है। इस प्लांट का पूरा खर्चा भी जिला पचांयत के द्वारा होगा और प्लांट की देखरेख करेंगी। इन गोशालाओं में गोबर गैस से बिजली बनने के बाद गोशालाओं को काफी




फायदा होगा। सोरों के गांव पचलाना की गोशाला ग्रामीण क्षेत्र में है। प्लांट लगने के बाद गोशलाओं में बिजली की समस्या समाप्त हो जाएगी। इन गोशलाओं में काफी संख्या में गोवंश रह रहे हैं। बिजली से रात में रोशनी के साथ ही गोशाला में लगी समर को चलाया जाएगा। इसी तरह पिथनुपर गोशाला में भी गोवंश रखे गए हैं। प्रयोग सफल होने पर अन्य गोशालाओं में गोबर गैस के प्लांट लगाकर बिजली की आपूर्ति होगी।

KYUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश .
उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली
,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान
आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला
ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
बिना किसी सिक्यूरिटी के
KNLS Live
सम्पर्क करे-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999' में
न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दम में

# चोरों का खुलासा होने के बाद भी थाना पुलिस पकडने में डर रही

## बाइक चोरों का सीसीटीवी के माध्यम से हुआ खुलासा

योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा-पीडित ने उच्चाधिकारियों से लगाई न्याय की गुहार मारहरा। एक तरफ प्रदेश सरकार क्राइम को जड से उखाडकर फेंकने के लिए पुलिस विभाग को निर्देश जारी कर प्रदेश में रामराज्य स्थापित करने की बात कर रही है, तो वहीं दूसरी ओर थाना मारहरा क्षेत्र में थाना पुलिस द्वारा चोरों को खुला संरक्षण प्राप्त होने से क्षेत्र में घटनायें बढने एवं चोरों की पहचान के बाद भी उनके बिरूद्ध कार्रवाई नहीं होने से कस्बा एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भय व्याप्त होता जा रहा है। ऐसा ही एक प्रकरण कस्बा मारहरा को प्रकाश में आया




है। जहां दिनदहाडे बाइक चोरी की घटना की पुष्टि सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से होने के बाद भी थाना पुलिस द्वारा बाइक चोरों को पकडना नहीं चाहती है साथ ही बाइक चोरों का खुलेआम घूमना कस्बा के निवासियों को रास नहीं आ रहा है। कसबा बासियों ने एसएसपी, आईजी, डीआईजी से कार्रवाई की मांग की है। कस्बा मारहरा के मौहल्ला चोवदार निवासी अनुज अजमेरा पुत्र ओमप्रकाश अजमेरा ने बताया कि 18 मार्च 2023 को समय लगभग 3 बजे मेरी दुकान के सामने से अज्ञात बाइक चोर मेरी बाइक चोरी कर ले गए थे। जिसकी एफआईआर 21 मार्च को अज्ञात चोरों के बिरूद्ध दर्ज की गई थी। कस्बा के आस-पास की दुकानों में लगे सीसीटीवी फुटेज के अनुसार बाइक चोर स्पट रूप से दिखाई दिए जाने के बाद भी थाना पुलिस उन्हें नहीं पकड रही है बल्कि बाइक चोरों को थाना पुलिस द्वारा खुला संरक्षण दे दिया गया है। जिससे कस्बा के दुकानदार/ व्यापारी अपने को असुरक्षिति महसूस करने लगे हैं। पीडित ने आईजी, डीआईजी एवं एसएसपी से बाइक चोरों को पकडकर विधिक कार्रवाई कराए जाने की मांग की है।

# शासनादेश की उड़ी धज्जियां, मार्गों पर घूम रहे गोवंश

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा- मार्गों पर घूमने वाले गोवंशों को 31 मार्च तक संरक्षित किए जाने के शासनादेश होने के बाद भी जिले के मार्गों पर गोवंशों के झुंड़ घूमते नजर आ रहे है। इससे साफ पता लगाया जा सकता है कि संबंधित विभागों के अधिकारियों ने शासनादेश का पालन किया है या नही। रविवार को शहर के जीटी रोड, शिकोहाबाद रोड, अलीगंज रोड, आगरा रोड, रेलवे रोड, निधौली रोड आदि सभी मार्गों के अलावा गली मोहल्लों और गल्ला मंडी में निराश्रित गोवंशों के झुंड़ घूमते देखे गए। गोवंशों के झुंड मार्गों पर घूमने के कारण एक तरफ राहगीरों एवं वाहन चालकों को परेशानियों का



सामना करना पड़ रहा है। वहीं रात विरात गोवंश वाहनों की चपेट में आकर चोटिल हो रहे है। कभी-कभी वाहनों की चपेट में आने से गोवंशों की मौत भी हो रही है।

इन सभी समस्याओं को देखते हुए शासन ने जिले के मार्गों पर घूमने वाले निराश्रित गोवंशों को 31 मार्च तक सरंक्षित कराने के जिला प्रशासन को आदेश जारी किए। लेकिन समय अवधि तक मार्गों पर घूमने वाले गोवंशों को संरक्षित न किए जाने से गोवंशों के झुंड़ आज भी मार्गों पर भटकते पाए जा रहे है। इस ओर संबंधित विभागों के अधिकारियों का ध्यान नहीं है।

### जिले पांच सौ गोवंश अभी भी सड़कों पर

रविवार को सीवीओ अनिल कुमार सिंह ने बताया कि जिले में कुल 13 अस्थाई गोशालाएं है। जिनमें 1536 गोवंश संरक्षित है। इसी प्रकार तीन वृहद गोसंरक्षण केंद्र में 1132, पांच कान्हा गोशालाओं में 644, चार पंजीकृत गोशालाओं में 1009, दो अपंजीकृत गोशालाओं में 656 गोवंश सहित सभी 27 गोशालाओं में कुल 4977 गोवंश संरक्षित है। इसके साथ ही पांच सौ अधिक गोवंश जिले की मार्गों पर घूम रहे है। शहरी क्षेत्र में घूमने वाले गोवंशों को प्रतिदिन पकड़वाकर गोशालाओं में भिजवाया रहा है। उसके बाद भी शहर में गोवंशों कम नहीं हो रहे है। इसका मुख्य कारण है कि गोवंश देहात क्षेत्र से शहर में आ रहे है और परेशानियां बनी हुई है। -एसके गौतम ईओ, नगर पालिका परिषद एटा

# तमंचे के बल पर छात्रा से गैंगरेप युवती की अश्लील वीडियो उसके ससुरालीजनों को भेज दी

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा- मां की तबियत खराब होने का बहाना बनाकर छात्रा को अपने साथ ले गए और खेत पर ले जाकर तमंचे के बल पर गैंगरेप किया। समाज में बदनामी के डर के कारण उस समय पिता ने पुलिस को सूचना नहीं दी। शादी करने के बाद आरोपी ने युवती की अश्लील वीडियो उसके ससुरालीजनों को भेज दी और वीडियो को सोशल मीडिया पर भी वायरल कर दिया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली नगर के एक मोहल्ला निवासी व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 2019 में बेटी हाईस्कूल की छात्रा थी। मोहल्ले में कृष्णा व इसकी मां का आना-जाना था। इसी दौरान बेटी व कृष्णा की पहचान हो गई थी। सोशल मीडिया पर बातचीत भी करने लगे थे।



2019 जून में रिजल्ट लेकर घर आते समय रास्ते में कृष्णा मिला और मां की तबियत खराब होने का बहाना बनाकर बेटी को अपने साथ ले गया। जंगल में पहले से इसके साथी पुष्पेंद्र और डांसर खड़े हुए थे। तीनों ने तमंचे के बल पर बेटी के साथ गैंगरेप किया। दुष्कर्म के दौरान आरोपियों ने वीडियो भी बना ली थी। उस समय लोक-लाज के भय से शिकायत नहीं की थी। 2022 में बेटी की शादी कर दी। शादी के बाद से आरोपी कृष्णा बेटी को परेशान करने लगा था। शिकायत पर पिता ने जातिसूचक गालियां भी दी। कृष्णा ने वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। इतना ही नहीं ससुराल में भी वीडियो भेज दी है। मामले में पिता ने कृष्णा, उसके साथी पुष्पेंद्र, डांसर, संजय यादव के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। एसएचओ नगर डा. सुधीर कुमार राघव ने कार्रवाई करते हुए आरोपी कृष्णा उर्फ गौरव को पकड़ लिया। अदालत ने उसे जेल भेज दिया है।

### दरिंदे चार साल तक करते रहे परेशान

एटा। समाज में बदनामी के चलते पिता घटना को छिपाए रहे तो वहीं घरवालों की इज्जत के खातिर बेटी भी सामने नहीं आई।

इसका फायदा दरिंदे उठाते रहे। चार साल तक आरोपी खुलेआम घूमते रहे और बेटी को परेशान करते रहे। अब आकर एफआईआर दर्ज कराई है। एक आरोपी डांसर पहले से है जेल में कोतवाली नगर पुलिस के अनुसार आरोपी डांसर हत्या के प्रयास के मामले में पहले से जेल में बंद है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर दविश दी जा रही है। जल्द ही आरोपी पकड़े जाएंगे। बताया जाता है कि पहले भी आरोपी काफी चर्चाओं में रहे है। इनके वीडियो वायरल होते रहेहै। मां की तबियत खराब होने का बहाना बनाकर छात्रा को ले गया था जंगल में ले जाकर तमंचे के बल पर तीनों दोस्तों ने किया था गैंगरेप

# दवाओ का टोटा,मेडिकल स्टोर से दवा लाकर उपचार के चलते तीमारदार हुए परेशान



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा- मौसम में उतार-चढ़ाव का असर जनमानस पर दिखाई दे रहा है। बीते 24 घंटे में छह बुखार रोगी उपचार लेने के लिए मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में पहुंचे। वहां मरीजों के तीमारदारों को दवाओं की कमी से जूझना पड़ा। बाहर के मेडिकल स्टोर से दवा लाकर उपचार कराना पड़ा। शनिवार व रविवार को मेडिकल कालेज इमरजेंसी में बुखार रोगी नयागांव के 36 वर्षीय रिषीकांत, बढनपुर के 30 वर्षीय दयानंद, घिलौआ की शिखा, शिकोहाबाद रोड निवासी 10 वर्षीय वेदांत, नीरज देवी, फिरोजाबाद जनपद के गांव भरा निवासी 35 वर्षीय मीना देवी उपचार लेने पहुंचे। इमरजेंसी में पहुंचने पर इन मरीजों के साथ आये तीमारदार दवा न होने से परेशान देखे गए। इमरजेंसी में मौजूद चिकित्सक व स्टाफ ने तीमारदारों को बाहर से दवा लाने के लिए पर्ची थमा दी। तीमारदारों ने बाहर से गोली व इंजेक्शन लाकर दिए। उसके बाद मरीजों को उपचार मिल सका। मौसम बदलाव से वायरल फीवर के रोगी पुन बढ़ने लगे हैं। शनिवार को भी मेडिकल कालेज ओपीडी में वायरल फीवर के 100 से 150 रोगी पहुंचे। इसके अलावा रविवार को ब्लॉक स्तर पर 36 स्थानों पर लगे मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में फीवर के 123 रोगी पहुंचे। इनको परीक्षण के बाद उपचार दिया गया।

### सीएम जनआरोग्य मेले में बढ़े बुखार, खुजली के मरीज

एटा। जिले में 36 स्थानों पर हुए मुख्यमंत्री जनआरोग्य मेला में बुखार, पेट दर्द, खुजली के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। सीएचसी, पीएचसी, हेल्थ वेलनेस सेंटर पहुंचे मरीजों को चिकित्सकों ने परीक्षण किया।

सीएमओ डा. उमेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि रविवार को मेले में 1846 लोग पहुंचे। इनमें 769 पुरुष, 709 महिला और 368 बच्चे शामिल हैं। मेला में 72 आयुष्मान कार्ड, 748 ने आरटीपीसीआर-305 ने एंटीजन किट से कोरोना जांच कराई। हेपेटाइटिस बी के 19, नेत्ररोग के 39, 123 बुखार, मलेरिया 27, डेंगू की 5 जांच हुई।

# सृष्टि कर्ता वाल्मीकि एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा राजीव कुमार लवली का भारतीय संविधान स्मृति से सम्मानित



सत पाल सोनी
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

लुधियाना- संविधान निर्माता डॉ बी.आर अंबेडकर जी के विचारों पर चलते हुए, एनआरआई ऑस्ट्रेलिया वीर श्रेष्ठ दीप चंडालिया के नेतृत्व में घर-घर संविधान मुहिम लहर चला रही सृष्टि कर्ता वाल्मीकि एजुकेशन फाउंडेशन की टीम वीर श्रेष्ठ धर्मज्ञा शीतल आदिवंशी द्वारा आज डॉ ए.वी.एम पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के डायरेक्टर और समाजसेवी राजीव कुमार लवली का भारतीय संविधान स्मृति से सम्मान किया गया। इस अवसर पर डॉ ए.वी.एम पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, ईसा नगरी पुली में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।

इस दौरान वीर श्रेष्ठ धर्मज्ञा शीतल आदिवंशी ने कहा कि राजीव कुमार लवली द्वारा समाज को आगे बढ़ाने हेतु किया जा रहा कार्य प्रशंसनीय है। वह आज उन्हें भारतीय सविधान स्मृति से सम्मानित करके खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहेहैं। उन्होंने समाज को डॉ बी.आर अंबेडकर द्वारा रचित संविधान को घर-घर तक पहुंचाने और अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देने का आह्वान किया। राजीव कुमार लवली ने वीर श्रेष्ठ दीप चंडालिया की टीम वीर श्रेष्ठ धर्मज्ञा शीतल आदिवंशी की और से उन्हें यह सम्मान देने के लिए धन्यवाद किया। लवली ने कहा कि भगवान श्री वाल्मीकि और श्री गुरु रविदास जी महाराज जी के विचारों पर चलकर डॉ. बी.आर अंबेडकर द्वारा रचित संविधान को घर-घर पहुंचाए जाने की जरूरत है, ताकि समाज और देश तरक्की की ओर बढ़ सके। इस दौरान उन्होंने लोगों से अंबेडकर नवयुवक दल की ओर से डॉ. बी.आर अंबेडकर जी के 132वें जन्मदिवस को समर्पित 14 अप्रैल को निकाली जा रही विशाल शोभा यात्रा में बढ़-चढ़कर अपना योगदान देने की अपील भी की। इसइस अवसर पर अन्य के अलावा, वीर श्रेष्ठ लक्की कंडियारा, वीर श्रेष्ठ ईश्वर कल्याण, वीर श्रेष्ठ ऋषभ बग्गन भी मौजूद रहे।

# 6 अप्रैल 23 महायोग पर्व की प्रचार सामग्री जारी करते हुए भावाआधस केन्द्र संगठन की प्रमुख टीम के सदस्य गण

सत पाल सोनी
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



लुधियाना - भारतीय वाल्मीकि आदि धर्म समाज (रजि॰) भावाआधस की एक विशेष मीटिंग स्थानीय सर्किट हाउस लुधियाना में आदरनीय संत विश्वा ऋषि जी राष्ट्रीय निर्देशक आदि धर्म निर्देशक मंडल भावाआधस भारत की अध्यक्षता में हुई। सभा में विशेष तौर पर मुख्य अतिथि पुरुषार्थी जसबीर लवण राष्ट्रिय मुख्य निर्देशक आदि धर्म निर्देशक मंडल भावाआधस भारत, उनके साथ में विरेंदु मुकेश परचा राष्ट्रीय निर्देशक आदि धर्म निर्देशक मंडल भावाआधस भारत, एवं युवा नेता वीर गोविन्द कुमार इंचार्ज (वार्ड नं 48) शामिल हुए । सभा को सम्बोधित करते हुए पुरुषार्थी जसबीर लवण ने बताया कि 6 अप्रैल 23 को एक भव्य समारोह भगवान वाल्मीकि प्रभु रत्नाकर योग आश्रम सिरसिला कुरुक्षेत्र हरियाणा में महायोग पर्व के रूप में हर साल की तरह इस बार भी भारत के सभी धर्म समाजीयों द्वारा धर्म समाज के संस्थापक एवं प्रथम आदि धर्म गुरू जी को सच्ची श्रद्धांजलि भेंट करने हेतु मनाया जा रहा है जिसमें भारत के विभिन्न राज्यों से संत महापुर्ष, विचारक,आदि धर्म प्रचारक एवं कार्यकर्ता वीर विरंगी भारी संख्या में अपनी श्रद्धा के पुष्प अर्पित करने हेतु पहुंच रहे हैं। विरेंदु मुकेश परचा ने पूज्य प्रभु रत्नाकर जी महाराज द्वारा वाल्मीकि समाज को दी अनेकों देन में से आदि धर्म ध्वज (चोरंगा धर्म ध्वज) की विषेताओं पर प्रकाश डाला।

संत विश्वा ऋषि जी बताया कि इस महायोग पर्व के सम्मेलन में विशव प्रसिद्ध, कोमी, अनुपम, गायक एवं लेखक विरोतम राकेश राही व विषव प्रसिद्ध गायक वीरश्रेष्ठ पवन द्रविड़ अमृतसर वाले, मिशनरी गायक वीरश्रेष्ठ राज कुमार शानू अमृतसर वाले, पंजाबी लोक गायक वीरश्रेष्ठ बलविंदर रसीला लुधियाना वाले, सूफ़ी गायक वीर हैप्पी राहत एंड पार्टी लुधियाना एवं कुमारी राशि सलीम लुधियाना भगवान वाल्मीकि जी महाराज एवं पूज्य प्रभु रत्नाकर जी महाराज के जीवन संबंधित भजनों का गुणगान करने हेतु पहुंच रहे है। वीरश्रेष्ठ ईशम भील राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष भावाआधस एवं वीर गुलाब सिंह देवांतक ज़लिा संयोजक लुधियाना ने बताया कि लुधियाना से भारी संख्या में संगत (जो दो बसें व अन्य वाहनों द्वारा) पहुंच रही है । इस अवसर पर विरेंदु बिसना आंबेडकरी,वीरश्रेष्ठ बलविंदर रसीला कोमी गायक,वीरश्रेष्ठ रिंकू निशाचर फगवाड़ा, सोशल मीडिया एक्टिविस वीर रवि पुरुषार्थी , हरदेव सिंह बोपाराय सरपंच, वीर दीपक बोहत,वीर सोमपाल सोदाई, स. बलजीत सिंह लाटी जी,वीर संजय बोहत जी, वीर अनिल परचा जी व अन्य वीर साथी उपस्थित थे।

# लोधी क्लब के सहयोग से मेरा परिवार किसान ने विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया

सत पाल सोनी
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



लुधियाना - लोधी क्लब के सहयोग से 卐माई फैमिली फार्मर卐 ने 6 किसानों के जैविक उत्पादों का प्रदर्शन करके और भोजन के साथ अच्छे स्वास्थ्य के संबंध पर 3 डॉक्टरों और विशेषज्ञों द्वारा कार्यशाला आयोजित करके विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरभि मलिक आईएएस उपायुक्त व डॉ हितेंद्र कौर सिविल सर्जन लुधियाना ने की। माई फैमिली फार्मर एक सामुदायिक कृषक समूह है जिसे जैविक खेती को बढ़ावा देने में सफलता के लिए पंजाब विधानसभा में सम्मानित किया गया है। हम अपने सदस्यों के लिए सब्जियां उगाते हैं और अपनी खुद की डिलीवरी प्रणाली विकसित की है, मानेत दीवान ने बताया। मेरे परिवार के एक अन्य किसान रोहित गुप्ता ने बताया कि वार्षिक सदस्यता शुल्क 36,000 रुपये है जो सभी खेती और वितरण खर्चों को कवर करता है जिसमें प्रत्येक सदस्य को सालाना लगभग 300-350 किलोग्राम सब्जियां सीधे उनके दरवाजे पर पहुंचाई जाती हैं। अमृता मंगत ने कहा, हम किसानों को जैविक गेहूं, चावल, दालें, जड़ी-बूटियां आदि उगाने और उनके लिए ऑर्डर और डिलीवरी की सुविधा देने के लिए भी सलाह देते हैं। डॉ नवीन पियरारा रेडियोलॉजिस्ट ने नवजात शिशुओं में कीटनाशकों के प्रभाव पर कार्यशाला दी, डॉ गौहर वात्स्यायन और आयुर्वेद चिकित्सक ने मौसमी और प्राकृतिक सब्जियों की प्रासंगिकता पर चर्चा की जो हमारे शरीर और जलवायु की जरूरतों के अनुसार बढ़ती हैं। सिमरत कथूरिया एक आहार विशेषज्ञ ने इस बात पर प्रकाश डाला कि वास्तव में हमारे शरीर को सभी आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करने के लिए प्राकृतिक सब्जियों का कोई विकल्प नहीं है और डॉ. जस कोहली ने हमारे शरीर को प्रभावित करने वाले संबंधित आहारों में पोषण के तकनीकी पहलुओं के बारे में बताया। गंगानगर के सुरिंदर सिंह, फाजिल्का के नवरूप सिंह, पखोवाल की रूपिंदर कौर जैसे जैविक किसानों ने अपने उत्पादों को प्रदर्शित किया और उन्हें बहुत अच्छी प्रतिक्रिया मिली। होम शेफ रूह चौधरी और टीना गुप्ता ने घर में बने बाजरे के लड्डू और ब्रेड भेंट किए। सीए नितिन महाजन ने इस पहल की सराहना करते हुए इस बात पर प्रकाश डाला कि उनके क्लब का उन पहलों में हमेशा स्वागत है जो उनके सदस्यों को किसी भी तरह से लाभान्वित करते हैं। क्लब न केवल मनोरंजन और भोजन के लिए एक जगह है, बल्कि इस तरह के आयोजन सदस्यों और उनके परिवारों के लिए बहुत उपयोगी होते हैं, रितु चंदना लेडी एक्जीक्यूटिव ने सुझाव दिया।

# देवर की शादी तय होने से नाराज भाभी ने की थी कन्हैया देवर की हत्या दोनों आपस में बेहद प्यार करते थे, कुंए में दे दिया था धक्का

लवकुश ठाकुर-दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

अकराबाद (अलीगढ़) - बीते दिनों अकराबाद कोतवाली के गांव केलनपुर के निकट जंगल में एक युवक का शव कुआं में मिला था। क्वार्सी के मोहल्ला बेगमबाग सविता समाज कल्याण नगर निवासी सूरजपाल ने मोर्चरी पहुंच कर अपने बेटे कन्हैया के रूप में शव की पहचान की थी। कन्हैया के पिता सूरजपाल ने अपने बड़े बेटे योगेश की पत्नी सुमन व उसके पिता शिवराम सिंह तथा मां जयदेवी निवासी गांव दिनावली जनपद अलीगढ़ के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट लिखाई थी। पुलिस ने दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर घटना का राजफाश किया है। प्रभारी निरीक्षक एमपी सिंह के अनुसार पुलिस पूछताछ में सुमन ने बताया है कि वह अपने पति योगेश के साथ न रहकर देवर कन्हैया के साथ रहना चाहती थी। जब उसे पता चला कि कन्हैया की शादी एक अन्य जगह तय हो गई है। यह सुन वह आपे से बाहर हो गई और नाराज होकर करीब एक महीने पूर्व अपने मायके दिनावली आ गई थी। इसी बीच कन्हैया बीते दिनों परिजनों से कोर्ट में तारीख होने की कहकर प्रेमिका सुमन से मिलने उसके गांव आ गया। जहां दोनों में शादी को लेकर फिर कहासुनी हुई। दोपहर में सुमन कन्हैया को लेकर पैदल केलनपुर के जंगल में पहुंची साथ में उसकी व उसकी बड़ी बहन की बेटी भी थी। थोड़ा आगे जंगल में रमेशचंद्र के गेहूं के खेत के पास बने कुआं पर पहुंचे, तभी सुमन का पिता शिवराम भी वहां पहुंच गया। आरोप है कि नशे की हालत में कन्हैया को प्रेमिका सुमन ने कुआं में धक्का दे दिया और उसके कुआं में गिर जाने के बाद सभी वहां से चले गए। घटना के अगले दिन खेतों की ओर गए ग्रामीणों को कुआं में एक यवक की लाश दिखाई दी थी। जिसपर गांव के लोगों ने पुलिस को सूचना दी थी। कोतवाल एमपी सिंह ने सुमन व उसके पिता शिवराम सिंह को जेल भेजा है।

# पुस्तकालय का शुभारंभ एवं पुस्तक वितरण हुआ

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच




बरेली-पुस्तकालय अनावरण एवं पुस्तक वितरण कार्यक्रम का आयोजन बीईओ त्रिलोकी नाथ के निर्देशन में प्राथमिक विद्यालय कटैया बलदेव सिंह, संकुल सुन्दरी में हुआ। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार एवं बीईओ रविशंकर गंगवार, एवं प्रधान संघ के अध्यक्ष रामप्रताप गंगवार द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि ने फीता काटकर पुस्तकालय का अनावरण किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी त्रिलोकी नाथ ने विद्यालय स्टाफ की भूरि -भूरि प्रशंसा की।ब्लॉक प्रमुख ने विद्यालय के हरे - भरे वातावरण की प्रशंसा की। बीईओ त्रिलोकी नाथ ने मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख रविशंकर गंगवार का माल्यार्पण कर एवं बैज लगाकर स्वागत किया। प्रधानाध्यापक जसवंत सिंह ने खण्ड शिक्षा अधिकारी को बैच लगाकर स्वागत किया। विद्यालय की बालिकाओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। एआरपी संजीव सिंह ने स्कूल चलो अभियान पर सार्थक चर्चा की साथ ही अभिभावकों को भी जागरूक किया। बच्चों ने सुंदर नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।

एआरपी धर्मेंद वर्मा ने डी.बी.टी. पर जानकारी दी। एआरपी नरेन्द्र गंगवार ने निपुण लक्ष्य पर चर्चा की। । खण्ड शिक्षा अधिकारी त्रिलोकी नाथ ने मुख्य अतिथि को धन्यवाद ज्ञापित किया एवं विद्यालय को कैसे बनायें निपुण पर मार्गदर्शन प्रदान किया।प्रधान संघ के अध्यक्ष और कटैया के प्रधान राम प्रताप ने भदपुरा को निपुण बनाने में और सुविधाओं को देने में धन की कमी नहीं आने दी जाएगी ।सासंद प्रतिनिधि रवि शंकर गंगवार ने कहा कि समाज़ को आगे बढ़ने के लिए शिक्षा जरूरी होती है और आज शिक्षा विभाग में योगी जी सरकार की मंशा के अनुरूप इस कार्य में सभी अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं ।और नवाब गंज की धरती अच्छी शिक्षा प्राप्त करके ऊंची नौकरी पाने वालों के लिए बहुत उपजाऊ है ।ग्रामीणों से बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजने का अनुरोध किया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक ,सहायक अध्यापक विनोद ,पारुल कुमारी ने ब्लॉक प्रमुख ने बच्चों को नए सत्र की पुस्तकें वितरित कर सभी को धन्यवाद दिया । इसके बाद ब्लाक प्रमुख ,खंड शिक्षा अधिकारी राजवीर सिंह,हरेंद्र सिंह,कुलदीप सिंह रामपुरा वी0सी0 के ग्राम प्रधान का तथा सभी ए0 आर 0पी 0को स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया संगोष्ठी में ब्लॉक के समस्त ए0 आर0 पी 0संजीव सिंह, धर्मेंद्र कुमार वर्मा, अरशद फारूक, नरेंद्र प्रताप गंगवार, ब्लॉक मंत्री राजवीर सिंह, ठाकुर दास, लाल बहादुर,राजेश सिंह,रूम सिंह, पुत्तूलाल, राजकुमार, आशीष सिंह, पवन सिंह,वंदना गुप्ता,शीला देवी, रीता सिंह के साथ ही बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

# पुलिस अधीक्षक ने किया अपराध गोष्ठी का आयोजन

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच




श्रावस्ती - जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था हेतु अपराध समीक्षा की जिसमें सर्वप्रथम अवैध कच्ची शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन, बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण लगाने, चोरी व लूट की घटनाओं की रोकथाम हेतु रात्रि गश्त व क्षेत्र भ्रमण करने, लंबित जनशिकायत एवं आई0जी0आर0एस0 प्रार्थना पत्रों की गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण करने, गुण्डा ,गैंगस्टर व पुरुस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु कड़े निर्देश दिए।बैंक व लेनदेन वाले स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने, संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों का फोटो लेने तथा प्रतिदिन बैंक ड्यूटी में जाने वाले कर्मचारियों को ड्यूटी के सम्बन्ध में ब्रीफ करने एवं सभी पुलिसकर्मियों को ड्यूटी के दौरान गतिशीलता, सजगता एवं सतर्कता बनाये रखने हेतु विशेष जोर दिया,तथा लोगो को साइबर अपराध के बारे में जानकारी देते हुए

जागरुक करने हेतु बताया गया।साम्प्रदायिक भावना भड़काने वालों/असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने व छोटी से छोटी बातों का संज्ञान लेने, सोशल मीडिया पर निगरानी रखने के साथ-साथ डिजिटल वालेंटियर ग्रुप को अपडेट कर उनके साथ नियमित मीटिंग कर उनका सहयोग लेने का निर्देश दिया गया। लंबित विवेचनाओं, विशेषकर अनावरित अभियोगो के निस्तारण, वांछित अभियुक्तों, इनामिया, जिलाबदर, एन0बी0डब्ल्यू0 के विरूद्ध अभियान चलाकर गिरफ्तारी करने व शातिर अपराधियों के विरुद्ध गुण्डा, गैगेस्टर आदि की कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।सड़क दुर्घटनाओं को रोकने, यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने व अतिक्रमण हटवाने के सम्बन्ध में समस्त थाना प्रभारी सहित यातायात प्रभारी को निर्देशित किया गया।

भूमि विवाद से सम्बन्धित प्रकरणों में प्राप्त प्रार्थना-पत्रों में राजस्व टीम के साथ समन्वय स्थापित कर मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच कर निस्तारण करायें।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# स्वच्छोत्सव-2023' अभियान के अंतर्गत निकाली गई ''स्वच्छ मशाल यात्रा''

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच




श्रावस्ती -जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देशानुसार जनपद में स्वच्छोत्सव-2023 अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत नगर पंचायत इकौना में गंगा स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत इकौना कस्बा के मोहल्ला पटेल नगर स्थित रानी तालाब की साफ-सफाई अभियान चलाया गया। साथ ही अधिशासी अधिकारी विनीत कुमार के द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर गंगा मैया की आरती की गयी तथा स्वच्छता के क्षेत्र में अपना योगदान देने वाली स्वयं सहायता समूह की सदस्यों व महिला सफाई कर्मियों द्वारा स्वच्छ मशाल यात्रा निकाली गयी।इस अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के डी.पी.एम परमानन्द साहनी, डी.सी. निखिल कुमार, सौरभ आर्य, अर्जुन साहू सभासद, सुधीर पटवा सभासद, भगतराम यादव, कु0 ज्योत्सना श्रीवास्तव लिपिक, एस.बी.एम. प्रभारी रितेश कुमार, ओम प्रकाश, वेद प्रकाश, प्रशांत, राजमणि वर्मा, धर्मेन्द्र यादव, सतीश कुमार सहित निकाय के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# प्रस्तावित विश्वविद्यालय का निर्माण श्रावस्ती में हो मुख्यमंत्री से की मुलाकात

अरविन्द कुमार यादव
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



श्रावस्ती -अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य सम्मान अफरोज खान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके लखनऊ स्थित आवास पर मुलाकात कर विश्वविद्यालय की स्थापना चारो जनपदों को ध्यान में रखते हुए करने की मांग की है। सम्मान अफरोज खान ने मुख्यमंत्री से कहा कि पिछ्ले जनगणना के अनुसार श्रावस्ती शैक्षिक एवं आर्थिक रूप से सबसे पिछड़े जनपदों में शुमार है। जहां का साक्षरता दर पचास फीसदी से भी कम है। ऐसे में अगर विश्वविद्यालय का निर्माण श्रावस्ती व उसके आसपास कराया जायेगा तो निश्चित तौर पर शैक्षिक रूप से पिछड़े श्रावस्ती एवं बलरामपुर जनपद के शैक्षिक स्तर में सुधार होगा। सम्मान अफरोज खान के उक्त सुझाव को मुख्यमंत्री ने गम्भीरता पूर्वक लेते हुए आश्वासन दिया है कि मण्डल के चारो जनपदों को ध्यान में रखते हुए हीं विश्वविद्यालय का निर्माण कराया जायेगा। साथ हीं यह विश्वविद्यालय भवन से लेकर शैक्षिक संसाधनों तक सब कुछ आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। जो अपने आप में एक मिशाल कायम कर विश्व पटल पर अपनी छाप छोड़ने में कामयाब होगा। हालाकि विश्वविद्यालय का निर्माण किस जनपद में होगा अभी भी अपने आप में एक बड़ा सवाल बना हुआ है। इस संबंध में सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ से मुलाकात के बाद सम्मान अफरोज खान ने बताया कि देवीपाटन मण्डल में विश्वविद्यालय की स्थापना से लोगों को उच्च शिक्षा के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

# Kohli-Duplessis gave a bang to RCB, Mumbai lost the first match for the 11th time in a row

Royal Challengers Bangalore made a bang in the 16th season of IPL by defeating Mumbai Indians. He won the match by eight wickets at the M Chinnaswamy Stadium in Bengaluru. On Sunday (April 2), RCB captain Faf Duplessis won the toss and decided to bowl first. Mumbai scored 171 runs for seven wickets in 20 overs. In reply, RCB won the match by scoring 172 runs for two wickets in 16.2 overs. Mumbai's record shameful- The first match



of the IPL season is nothing special for Mumbai Indians. The same happened this time too. The Mumbai team has lost its first match in the season for the 11th consecutive time. He last won in 2012. On the other hand, RCB have defeated Mumbai for the fifth time in the last six matches. Also, RCB has won against Mumbai for the third time in 11 matches at their home ground. Earlier it was won by two runs in 2013 and by 14 runs in 2018. Kohli-Duplessis shared a 148-run partnership – Captain Faf Duplessis and veteran batsman Virat Kohli led the team to victory. Both the experienced batsmen scored half-centuries. Chasing the target of 172 runs, RCB got off to a great start by Kohli and Duplessis. Both made a century partnership for the first wicket. Kohli and Duplessis added 148 runs in 14.5 overs. Duplessis six and Kohli hit five sixes - Duplessis was dismissed after scoring 73 runs off 43 balls. He hit five fours and six sixes. His strike rate was 169.77. At the same time, Kohli scored an unbeaten 82 off 49 balls. He hit six fours and five sixes in his innings. Virat's strike rate was 167.35. Glenn Maxwell remained unbeaten on 12 runs off three balls with the help of two sixes. Dinesh Karthik could not open the account. Arshad Khan and Cameron Green took one wicket each for Mumbai Indians. Tilak Verma played a memorable innings - Left-handed batsman Tilak Verma scored an unbeaten 84 off 46 balls to take Mumbai Indians to a big score. Mumbai's wickets were falling continuously from one end and Tilak was scoring runs continuously from the other end. He hit Harshal Patel for a six on the last ball of the innings. Mumbai crossed the 170-run mark thanks to his innings. Verma shared a half-century partnership with Nihal - Tilak hit nine fours and four sixes in his innings. Came to the crease after three wickets fell in 5.2 overs. At that time the team's score was 20 runs. From there he took Mumbai beyond 170 runs. Tilak shared a 28-run partnership for the fourth wicket with Suryakumar Yadav. After this, he added 50 runs in 30 balls for the fifth wicket with Nihal Badhera. He then shared an unbeaten 48 off 18 balls with Arshad Khan for the seventh wicket. Rohit Sharma and Cameron Green failed – four of Mumbai's nine batsmen could not touch double figures. Cameron Green and Hrithik Shokeen were dismissed for five runs each. Tim David scored four and captain Rohit Sharma scored one run in 10 balls. Rohit could not score a half-century in the 15th consecutive innings of IPL. Nihal Badhera scored 21 off 13 balls, Suryakumar Yadav scored 15 off 16 balls, Ishaan Kishan scored 10 off 13 balls and Arshad Khan scored 15 not out off nine balls. Karn Sharma took two wickets for RCB. Mohammad Siraj, Reece Tapley, Akash Deep and Michael Bracewell took one wicket each.

# After Kane Williamson, another player injured while fielding, RCB bowler injured against Mumbai

Left-arm fast bowler Reece Topley got badly injured in the match against Mumbai Indians. Due to this, he had to go out of the match immediately. He could not return to the field again. In the 16th season of IPL, after Kane Williamson of Gujarat Titans, another player got injured while fielding on the field. Royal Challengers Bangalore (RCB) left-arm fast bowler Reece Topley got badly injured in the match against Mumbai Indians. Due to this, he had to



go out of the match immediately. He could not return to the field again. In the match, RCB captain Faf Duplessis won the toss and decided to bowl first. Reece Topley was injured on the third ball of the eighth over. Tilak Verma plays a shot towards fine leg off Karn Sharma. Reece Topley dives to save two runs. He fell on his shoulder and then started moaning on the ground. RCB physio came on the field immediately. He saw Topli and then took him along. Ian Bishop gave information on Topley's injury - While commentating in the match, West Indies veteran Ian Bishop gave an update on Reece Topley's injury. He said that some part of Topli's shoulder was dislocated. It has been fixed again. However, he will not be able to take further part in the match. Talking about the performance of Reece Topley, he took one wicket for 14 runs in two overs. England fast bowler Topley clean bowled Australia's Cameron Green. Green was bought by Mumbai for 17.50 crores. He could only score five runs in four balls in his first IPL match. Williamson is out - Williamson is out of the tournament. He suffered a serious knee injury in the very first match against Chennai Super Kings. He was seen in a lot of pain on the field itself and the staff picked him up and took him off the field. Gujarat Titans has confirmed his exit from the tournament. However, the replacement has not been announced yet.

# ICC made the 12th anniversary of India's World Cup victory special, released the logo of the next tournament

The anniversary of Team India's victory was made special by the International Cricket Council (ICC). It released the official logo for the World Cup to be hosted by India in October-November this year. The Indian cricket team's World Cup victory in 2011 marked 12 years. On April 2, 2011, Captain Mahendra Singh Dhoni made Team India the champion by hitting a winning six. The anniversary of Team India's victory was made special by the International Cricket Council (ICC). It released the official logo for the World Cup to be hosted by India in October-November this year. ICC shared the picture of the logo on its official Twitter handle. The Cricket World Cup has been developed as 'Navaras'. Different colors have been used to represent the emotions of the fans during the matches of the tournament. Navaras include feelings of joy, strength, sorrow, honor, pride, bravery, glory, wonder, and passion. These feelings are seen during the World Cup matches. India excited about hosting the tournament: Jai Shah- During this, the Secretary of the Board of Control for Cricket in India (BCCI) Jai Shah recalled the World Cup victory. He said, "Team India had won the World Cup after a long time. We hope that this time the tournament will add many new memories. The BCCI is looking forward to hosting the World Cup, besides organizing a memorable tournament for India and the spectators around the world."Playing the World Cup at home is every player's dream: Rohit Sharma - On the other hand, Indian cricket team captain Rohit Sharma shared thoughts about the upcoming World Cup. He said, "The ICC Men's Cricket World Cup 2023 is still six months away, but the excitement is already there. It is the dream of every player to play the World Cup at his home ground. As a captain, I am looking forward to it. We will give everything in the tournament. The preparations during the next few months can give us a chance to lift the trophy. ' ' ' ' ' ' ' Tournament can start on October 5 - This tournament can start from October 5. At the same time, the final can be played on 19 November. The title match can be played at the Narendra Modi Stadium in Ahmedabad, which is also the largest cricket stadium in the world. 48 matches can be held in 46 days - According to ESPN Cricinfo, the Board of Control for Cricket in India (BCCI) has selected at least a dozen venues for this big cricket event, including Bengaluru, Chennai, Delhi, Dharamsala, Guwahati, Hyderabad , including cities like Kolkata, Lucknow, Indore and Rajkot. Mumbai The tournament will have a total of 48 matches spread over 46 days. The BCCI, however, is yet to finalize any specific venue for the matches nor the cities for the warm-up matches. This is because of the monsoon season in different parts of the country at different times.



